हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 17 मई 2025

11 छात्राओं ने पोस्टर बनाकर डेंगू के बारे में ...




12 समस्या रि-ओपन होने पर संबंधित अधिकारी ...



## खबर संक्षेप

### आश्रम श्रीभगवत वाटिका में कार्यक्रम आज से

**भिवानी।** देवसर मोड स्थित आश्रम श्रीभगवत वाटिका में 18वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 17 मई से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। व्यवस्था प्रमुख राजकुमार ने बताया कि भगवान राघवेंद्र सरकार की कृपा से आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत 17 मई को प्रातः 10 बजे रामायण का अखंड पाठ, 18 मई को पाठ की पूर्णाहुति व हवन, दोपहर 2 बजे भगवान के श्रीविग्रहों का अभिषेक, रात्रि 7 बजे संकीर्तन व प्रवचन तथा 19 को रूद्राभिषेक एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### जरूरतमंदों के लिए रक्तदान शिविर कल

**भिवानी।** रक्त की कमी को पूरा करने के लिए अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व सामाजिक संगठन निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इस कड़ी में 18 मई रविवार को फ्रीडम ब्लड बैंक में भारतीय समाजसेवा दल के सौजन्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सचिन सिंगला ने बताया कि हमारे देश में विभिन्न बीमारियों के मरीज दिन प्रतिदिन बढ रहे हैं।

### बाइक चोरी मामले में दूसरा आरोपी दबोचा

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमबीर निवासी दादरी ने थाना सिविल लाइन पुलिस में मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपी की पहचान नीरज निवासी सोमवारी माता भिवानी के रूप में हुई है।

### बाइक और सामान चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सदर पुलिस ने घर में घुसकर मोटरसाइकिल व सामान चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जितेंद्र निवासी खरक कला ने थाना सदर पुलिस भिवानी को बाइक और अन्य सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपी की पहचान संदीप पुत्र वेद प्रकाश निवासी फूलपुरा के रूप में हुई है।

### दान पात्र से चोरी मामले का आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सदर पुलिस भिवानी में शिव मंदिर का दान पत्र का ताला तोड़कर रुपए चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सुरेंद्र निवासी गांव कलिंगा पाना सवाई ने थाना सदर पुलिस भिवानी को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि शिव मंदिर कलिंगा में पूजा पाठ करने के लिए गया था जो मंदिर में पहुंचने पर देखा तो मंदिर के दान पात्रों का ताला टूटा हुआ था। इसी अभियोग में कार्यवाही करते हुए दान पात्र तोड़कर चोरी करने के मामले में आरोपी को कलिंगा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान अक्षय पुत्र कंवरपाल निवासी कलिंगा जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### पांच दिन लेट पहुंचेगा पानी, जलघर खाली होने के करीब

# तीसरे दिन मिलेगी पेयजल की सप्लाई, शेड्यूल किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लू के थपेड़ों के साथ लोगों को पीने के पानी के लिए जबरदस्त परेशानी झेलनी पड़ रही है। नहरी पानी पहुंचने में पांच दिन की ओर देरी की वजह से पब्लिक हेल्थ विभाग को पीने के पानी की राशनिंग करनी पड़ गई। अब रोजाना की बजाए दो दिन बाद पीने के पानी की सप्लाई दी जाएगी। कुछेक कॉलोनियों में चौथे दिन भी पानी की सप्लाई दी जा सकेगी। जलघरों में जितने दिनों के पानी का स्टॉक बचा है। उसी हिसाब से पीने के पानी की सप्लाई दी जाएगी। हालांकि शहर के लोगों के घरों तक पर्याप्त पीने के पानी पहुंचाने के लिए ट्यूबवेलों व टैंकरों का सहारा लिया जा रहा है,लेकिन जब तक नहरी पानी नहीं पहुंच पाता। तब तक जलघरों से तीसरे दिन पानी की सप्लाई दी जाएगी। इस बारे में पब्लिक हेल्थ विभाग ने शेडयूल भी जारी कर दिया।

जानकारी के अनुसार बीते माह नहरी पानी कम पहुंचा था। जुई फीडर को चार दिन तथा सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को तीन दिन तथा मिताथल फीडर को एक दिन नहरी पानी मिल पाया था। जिस वजह से जिले के अधिकांश जलघरों में पीने के पानी का पर्याप्त स्टॉक नहीं हुआ। पीने के पानी की भयंकर समस्या बनने लगी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जिले की नहरों के लिए 18 मई को पानी छोड़े जाने की मांग भेजी थी,लेकिन पीछे से पानी कम मिलने की वजह से अब 23 मई को पानी पहुंचने की उम्मीद है। फिलहाल ट्यूबवेलों तथा जलघरों में बचे पानी से ही काम चलाया जा रहा है। जिस वजह से किसी इलाके में तीसरे दिन तो किसी इलाके में चौथे दिन पानी की सप्लाई दी जा रही है।

**ग्रामीण इलाकों में चौथे-पांचवें दिन पहुंच रही है पानी की सप्लाई**

शहरीक्षेत्र ही नहीं ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी की जबरदस्त समस्या बनी है। ग्रामीण इलाकों में चार से पांच दिनों में पीने के पानी की सप्लाई दी जा रही है। अधिकांश गांवों में जलघरों का पानी पूरी तरह से खतम हो चुका है। अब उन गांवों में लगाए गए खारे पानी के टयूबवैलों के जरिए ही पानी की सप्लाई दी जा रही है। दूसरी तरफ ग्रामीण इलाकों में पानी की सप्लाई के अलावा टैंकरों से लोगों के घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीण एक हजार रुपये प्रति टैंकर के हिसाब से खरीद कर अपना काम चला रहे है।

चहुंओर पीने के पानी को लेकर हाहाकार मचा है। पीने के पानी के लिए आए दिन धरने व प्रदर्शन हो रहे है,लेकिन उसके बावजूद भिवानी की नहरों में 18 मई की बजाए 23 मई के आसपास पानी मिलने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि जिला प्रशासन नहरों में पानी पहले छोड़े जाने की मांग भेजी है,लेकिन जब तक नहरी पानी मूनक से छूट नहीं जाता। तब तक पानी की इसी तरह से किल्लत बनी रहेगी।

यहां यह बताते चले कि बीते माह नहरी पानी के तीन दिन ही मिल पाया था। जिस वजह से अधिकांश जलघरों के टैंक खाली रह गए थे। जिस वजह से अनेक जगहों पर उसी वक्त से पीने के पानी के लिए हाहाकार मचना आरंभ हो गया था। शहर व कस्बों के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी इसी तरह की समस्या बनी है। ग्रामीण इलाकों के लोग भी नहरी पानी के इंतजार में है।





**भिवानी।** पानी के अभाव में सूखा जलघर का टैंक और दूसरे जलघर में बचा थोड़ा पानी। फोटो : हरिभूमि

**23 तक पहुंचेगा पानी**

पब्लिक हेल्थ विभाग के कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत ने बताया कि नहरों में पानी 23 मई तक पहुंचेगा। जैसी उनको सिचांई विभाग ने सूचना दी है। फिलहाल जलघरों में जितना पानी बचा है। उसी से काम चलाया जाएगा। हालांकि अतिरिक्त ट्यूबवेल लगवाए गए है। जिनसे पानी की सप्लाई दी जा रही है,लेकिन नहरी पानी पहुंचने के बाद ही नियमित पानी की सप्लाई होगी। फिलहाल तीसरे दिन पानी की सप्लाई दी जा रही है।



**भिवानी।** पीने के पानी की मांग को लेकर नारेबाजी करती महिलाएं।

## पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

- पानी नहीं मिला तो करेंगे रोड़ जाम : दुर्गा कॉलोनीवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर कुछ क्षेत्रों में पानी की किल्लत के चलते लोग हलकान हैं,जिसके चलते दुर्गा कॉलोनीवासी महिलाओं में रोष देखने को मिला है। गुस्साई महिलाएं सबसे पहले पब्लिक हेल्थ के एक्सईएन ऑफिस पहुंची और क्षेत्र में आ रही पानी की समस्या से अवगत करवाया।इसके बाद महिलाओं ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर नारेबाजी की तथा पानी की समस्या को दुरुस्त करने बारे ज्ञापन पत्र सौंपा। भिवानी की दुर्गा कॉलोनीवासी महिलाओं ने कहा कि पिछले कई माह से उनके क्षेत्र गली नम्बर तीन में पानी नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों को भी अवगत करवाया ,कोई समाधान नहीं निकला। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें आश्वासन मिला है कि पानी का टैंकर मुहैया करवा दिया जाएगा, लेकिन टैंकर से इक्का दुक्का दिन ही पानी की पूर्ति होगी। महिलाओं ने कहा कि उनके एरिया में दो-दो बूस्टर लगे हुए हैं लेकिन पानी नहीं आ रहा है, वे स्वयं पानी का टैंकर मंगवाते हैं। इससे भी पानी की पूर्ति नहीं हो पाती,उन्होंने कहा कि 9 महीने से उनके क्षेत्र में पानी नहीं आ रहा है, जिसके चलते कालोनीवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस गर्मी के मौसम में पानी की भयंकर किल्लत बनी हुई है। वे पीने के पानी के लिए दूर दराज के इलाकों में लगे हैंडपैम्पों के सहारे अपना हलक तर कर रहे है। इस बारे में कई बार जिला प्रशासन से शिकायत की गई,लेकिन हर बार उनको आश्वासन देकर टाला जाता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो रोड़ जाम व आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगी। इस मौके पर धन्नो, संतरा और लक्ष्मी दुर्गा कालोनीवासी महिलाएं व पुरूष मौजूद रहे।

## अंडर-15 एशियन बॉक्सिंग स्पर्धा में हर्षिल ने जीता कांस्य पदक



**भिवानी।** पदक विजेता के साथ स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य।

**भिवानी।** के एम.पब्लिक स्कूल के छात्र हर्षिल ने पटियाला में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। तत्पश्चात 17 अप्रैल से 1 मई तक जॉर्डन में आयोजित अंडर-15 एशियन बॉक्सिंग चौंपियनशिप 2025 में हर्षिल ने भाग लेकर कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्या रेनू सैनी, उप प्राचार्या नीलम गौतम, समिति सदस्य अमिता शर्मा, सुनील शर्मा ने प्रार्थना सभा में छात्र को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, समिति सचिव राजेश मोड़ा, ट्रस्टी मयंक मोडा, प्रबंधक आनंद बासिया तथा समिति सदस्य जितेन्द्र गोयल ने छात्र की उपलब्धि पर उसे बधाई व अपना आशीर्वाद दिया।

## बाइपास ने बढ़ाई लोहारी जाटू व मंढाणा के लोगों की समस्या

- रोडवेज व प्राइवेट बसों ने गांव लोहारी जाटू के अंदर से जाने की बजाए बाइपास निकलना आरंभ कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी से हांसी रोड पर निर्माणाधीन बाईपास खोले जाने से गांव लोहारी जाटू, मंढाणा व पुर गांव के लोगों के लिए नई समस्या खड़ी हो गई। अब रोडवेज व प्राइवेट बसें गांव लोहारी जाटू के अंदर से जाने की बजाए बाईपास निकलना आरंभ कर दिया है। जिस वजह से भिवानी से जाने वाले लोगों को गांव प्रेमनगर से थोडा सा आगे तथा बवानीखेड़ा की तरफ से आने वाले यात्रियों को बवानीखेड़ा की सीमा के पास खेतों में ही उतारा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इन तीन गांवों के करीब एक हजार से ज्यादा लोग रोजाना भिवानी व बवानीखेड़ा के लिए निकलते है। उक्त सभी लोग गांव लोहारी जाटू से ही रोडवेज व निजी बसों में बैठते है। अब पिछले सप्ताह से इन तीनों गांवों की सवारियों को प्रेमनगर के खेतों या बवानीखेड़ा के खेतों में उतारा जा रहा है। इन यात्रियों में पुरुषों के अलावा महिलाओं की भी सख्या अच्छी खासी होती है। सभी यात्रियों को पैदल ही गांव लोहारी जाटू तक आना पड़ रहा है। अगर कोई यात्री इस बात का विरोध करता है तो उससे बस के चालक व परिचालक झगड़े पर उतारू हो जाते है। जिससे ग्रामीण परेशानी के दौर से गुजर रहे है।

**बसों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उतरेंगे सड़कों पर:** तीनों गांवों के लोगों ने बताया कि बाइपास उनके लिए सुविधा नहीं दुविधा लेकर आया है। सभी बसें अब सीधी बाईपास से निकाली जा रही है। उनको अगर हांसी जाना हो तो उनको अपने वाहन से पहले बवानीखेडा पहुंचना होगा। उसके बाद वे बसों में बैठकर हांसी जा रहे है। यही स्थिति भिवानी जाने वाले लोगों के लिए बनी है। उनको सीबीएलयू के पास अपने वाहन से जाना पड़ रहा है। वहां से भिवानी के लिए बस पकड़नी पड़ रही है। तीनों गांवों के ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर गांव के अंदर से बसों का आना जाना शुरू नहीं हुआ तो वे रोड जाम करने पर मजबूर होंगे।



**भिवानी।** बाईपास से जाती एक निजी बस। फोटो : हरिभूमि

## आईजी ने महिला पुलिस थाने का किया निरीक्षण, पुलिस कर्मियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक वाई पूर्ण कुमार ने शुक्रवार को महिला थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी ने थाना के मालखाना को चैक किया और एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में पुलिस द्वारा पकड़े गए नशीले पदार्थों का निरीक्षण करते हुए जब्त मामलों के रिकॉर्ड, उनकी चैकिंग और जल्द से जल्द डिस्पोज करवाने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद थाना में सीसीटीएनएस व कंप्यूटर कक्ष और थाना परिसर में साफ-सफाई का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया महिला थाने का रिकार्ड दुरुस्त व संतोषजनक पाया गया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को नियंत्रित करने व महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए और तमाम अपराधियों का रिकार्ड तैयार कर उन्हें ऑनलाइन अपडेट करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा भी उपस्थित थे।



## मढान से व्यक्ति को मादक पदार्थ हैरोइन के साथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस की सीआईए स्टाफ -2 टीम गांव मढान से एक व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के उप निरीक्षक राजेश कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा गांव मढान मौजूद थे जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपनी गाड़ी में मादक पदार्थ लेकर मिराण की तरफ से आएगा।

पुलिस टीम के द्वारा सूचना के आधार पर बस अड्डा मढान के पास नाकाबंदी करके सूचना के आधार पर एक गाड़ी को रुकवाकर गाड़ी चालक से मादक पदार्थ हैरोइन बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अंकुश पुत्र बलबीर निवासी बडदु धीरजा के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से कुल 7.5 ग्राम मादक पदार्थ हैरोइन को बरामद किया गया है।




**भिवानी।** गांव भानगढ़ के राजकीय विद्यालय की निशा का सुपर-100 में चयन होने पर अभिनंदन करते स्टाफ सदस्य।

## भानगढ़ के पीएमश्री विद्यालय की निशा का सुपर-100 में चयन

- शुक्रवार को सम्मान समारोह में निशा व उनकी माता सुशीला को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं को निखारने में प्रयासरत्त गांव भानगढ़ स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने एक ओर उपलब्धि हासिल की हैं। विद्यालय की छात्रा निशा पुत्री अनुप का सुपर-100 में चयन हुआ है, जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें निशा व उनकी माता सुशीला को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य तौर पर सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप सिंह पहुंचे तथा अध्यक्षता प्राचार्य दिलबाग सिंह बाजिया ने की। कार्यक्रम में मंच संचालन टीजीटी अंग्रेजी अरविंद ने किया व एसएस अध्यापिका मोनिका ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक भाषण देकर प्रोत्साहित किया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारते हुए उन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में विद्यालय अथक प्रयास कर रहा है। इससे पूर्व भी दो विद्यार्थियों का चयन एनएमएमएस में हुआ था। निशा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ते हुए अपनी सफलता की उड़ान भरने के लिए प्रेरित करेंगी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर नरेंद्र, प्रदीप, सुनील, मुन्नी, सतपाल, विरेंद्र डीपीई, मुकेश, सुनील, राजबाला व प्रोमिला आदि मौजूद रहे।

### लगभग 10 एकड़ में फैली है अवैध कॉलोनी

# सिटी स्टेशन के पीछे तिगड़ाना रोड पर हटाए अवैध निर्माण

- डीसी ने जिला उद्यान अधिकारी देवी लाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट किया था नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त महावीर कौशिक के निर्देशानुसार नगर योजनाकार विभाग ने अवैध निर्माण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान विभाग ने सिटी स्टेशन के पीछे भिवानी से तिगड़ाना रोड़ पर लगभग 10 एकड़ में फैली कॉलोनी से अवैध निर्माण को हटाया। नगर योजनाकार विभाग के अनुसार सिटी स्टेशन के पीछे मौजा भिवानी लोहड़ व तिगड़ाना में भिवानी से तिगड़ाना रोड पर बनी अवैध कॉलोनी से अवैध निर्माण हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी ने जिला उद्यान अधिकारी देवी लाल को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। इस दौरान हरियाणा स्टेट इंफोर्समेंट ब्यौरा थाना का पुलिस बल की भी ड्यूटी लगाई गई है। ताकि किसी प्रकार का कोई तनाव न बन पाए। इस दौरान जेसीबी से अवैध कॉलोनी के निर्माण को गिराना आरंभ किया। एक बार तो अवैध कॉलोनी काटने वालों ने विरोध किया,लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उनका विरोध ज्यादा देर तक नहीं चल पाया। उसके बाद वहां पर काटी गई अवैध कॉलोनी के सारे निर्माण व बनाई गई सड़कों को तोड़ दिया गया। करीब दो घंटे तक वहां पर अभियान जारी रहा। उसके बाद ही टीम वहां से वापस लौटी।

**अवैध निर्माणों की जुटाई जा रही है जानकारी:डीसी** डीसी ने बताया कि विभाग के अनुसार सिटी स्टेशन के पीछे लगभग 10 एकड़ में से 8 डीपीसी, 15 चारदीवारी, डब्लूबीएम रोड़ नेटवर्क व दो अवैध निर्माण को जेसीबी से तोड़ा गया। विभाग द्वारा इस दौरान लोगों को समझा भी जाता है कि वे जिला में सरकारी जमीन पर कहीं भी व किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें। उन्होंने बताया कि जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है और इसको हटाने का यह अभियान जारी रहेगा।



## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने विद्यालय के आसपास भ्रमण किया

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा तत्परता कार्यक्रम के तहत विद्यालय के आसपास भ्रमण किया। उनके साथ विद्यालय मुखिया शारदा रानी के आदेशानुसार शिक्षक पंकज कुमार व कृष्ण कुमार साथ रहे। विद्यार्थियों द्वारा भ्रमण में कांग्रेस घास, आवारा-बेसहारा पशु, रेलवे स्टेशन, गड्ढानुमाना रास्ते, टूटी दिवारे, क्षतिग्रस्त सड़कों का नजारा देखा। वहीं शिक्षकों ने विद्यार्थियों का परिचय सफाई योद्धाओं से करवाया और उन्होंने उनका सम्मान किया। शिक्षकों ने बताया कि विभाग के आदेशानुसार यह शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया है ताकि बच्चे इससे कुछ सीख सके।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तोशाम में सेमिनार आयोजित

**तोशाम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल अस्पताल से डॉ. पुनीत शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर छात्रों एवं संस्थान के स्टाफ को खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट के दुष्परिणामों एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। सेमिनार में मंच संचालन वर्ग अनुदेशक(ब्लॉक युवा समन्वय अधिकारी) बलराज शर्मा द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ताओं ने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान और उससे बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज के हित में अत्यंत आवश्यक हैं। इस दौरान सभी छात्र–छात्राएं एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का उत्सव भी है तिरंगा यात्रा : जयसिंह

**भिवानी।** वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑप्रेशन सिंदूर की



सफलता भारतीय सेना की रणनीतिक चतुराई, अटूट साहस और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। यह ऑपरेशन ना केवल दुश्मन के मंसूबों को नाकाम करने वाला एक सैन्य अभियान था, बल्कि भारतीय सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाला निर्णायक मोर्चा भी था। ऑप्रेशन सिंदूर की सफलता के बाद हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व तथा राज्यसभा सांसद किरण चौधरी एवं सिंचाई एवं जल संसाधन और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के संयोजन में निकाली जा रही है, वह केवल विजय का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का उत्सव है जो हर भारतीय सैनिक के दिल में बसी होती है।

---

स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न स्कूलों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर करवाई प्रतियोगिताएं

# छात्राओं ने पोस्टर बनाकर डेंगू के बारे में किया जागरूक, रैली भी निकाली

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 200 छात्राओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

सिविल सर्जन डा. रघुबीर शांडिल्य की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर डेंगू जागरूकता पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। ये प्रतियोगिताएं हमारा अपना फाउंडेशन एनजीओ के सहयोग से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करवाई गई। इस अवसर पर छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर कर भी आमजन को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया। सिविल सर्जन ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 200 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं को जागरूक करते हुए सिविल सर्जन डा. शांडिल्य ने कहा कि डेंगू दिवस के उपलक्ष पर उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उन्होंने कहा कि डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों से रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना, मच्छर पैदा होने वाले स्थानों को चिन्हित कर उनके लार्वा को खत्म करना, डेंगू से बचाव और रोकथाम और नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक करना डेंगू दिवस का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि बरसाती मौसम के शुरू होने से पहले जिला में रोग नियंत्रण के लिए निवारक उपायों और तैयारियों को तेज किया जाता है।




भिवानी। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### डेंगू से बचाव के उपाय

डेंगू फैलने वाला मच्छर साफ खड़े हुए पानी में पनपता है, इसलिए घर में या आसपास, कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने का पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे,फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि में पानी जमा न होने दें। इनकी नियमित तौर पर साफ-सफाई करते रहें। कार्यक्रम के दौरान उप सिविल सर्जन राकेश खटक व हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन तथा मैनेजर एसके सिंह ने भी डेंगू की रोकथाम के लिए छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रिंसिपल सुशीला, कुलवंत कौर, सुनील प्राध्यापक, बायोलॉजिस्ट नवीन कुमार, ज्योति एपिडेमियोलॉजिस्ट, स्वास्थ्य निरीक्षक जगदीश प्रसाद, सज्जन कुमार, सुनील कुमार, नरेंद्र, श्याम सुन्दर सहित सभी स्कूलों का समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

### ये हैं लक्षण

अचानक तेज सिर दर्द व बुखार का होना, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द जो कि आंखों को घुमाने से बढ़ता है, जी मिचलाना और उल्टी आना, गंभीर मामलों में मुंह मसूड़ों से खून आना अन्यथा त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि डेंगू के लक्षण हैं।

---



भिवानी। वालंटियर्स प्रशिक्षण शिविर में सीटीएम। फोटो: हरिभूमि

## आपदा के समय सिविल डिफेंस वालंटियर की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज >> चरखी दादरी

किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन प्रणाली को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला में सिविल डिफेंस वालंटियर्स के लिए प्रशिक्षण शिविरों की श्रृंखला आरंभ हो गई है। शुक्रवार को जनता कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। भारत सरकार द्वारा प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा के समय त्वरित और समन्वित रिस्पांस के लिए, निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार शिविर में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।

सिविल डिफेंस कंट्रोलर एवं उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित पहले प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी और शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें अग्निशमन विभाग, रेडक्रॉस, स्वास्थ्य विभाग और सिविल डिफेंस की टीमों ने उन्हें आग बुझाने के उपकरणों का संचालन, प्राथमिक उपचार, धुएं से बचाव, सुरक्षित दरवाजा खोलना और फायर अलार्म सिस्टम की जानकारी दी।

जिला में ज्यादा से ज्यादा सिविल डिफेंस वालंटियर्स को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। आपदा से निपटने के लिए व्यवहारिक एवं तकनीकी रूप से प्रशिक्षित सिविल डिफेंस वालंटियर्स की भूमिका अहम होती है। प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे युवा काव्यांशु, रोहित, निखिल व नूपुर आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि देश की सेवा करने का सिविल डिफेंस वालंटियर बनकर भी अवसर प्राप्त होता है।

---

*समाज के सच्चे नायक है सफाई कर्मचारी: महंत चरणदास*

## नौ दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन स्वच्छता प्रहरियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

जल एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अपनाने व नशे से दूर रहने के खिलाफ अभियान चलाने में सक्रिय युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा 9वें स्थापना दिवस पर नौ दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत शुक्रवार से हुई।

नौ दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन स्वच्छता प्रहरी नौ सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर समाज में उनके योगदान की सराहना की। पुजारी ध्यानदास महाराज ने कहा कि नौ दिवसीय कार्यक्रम के तहत राष्ट्र की सुख, शांति, समृद्धि के लिए पूजा, प्रार्थना के साथ-साथ जल एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अपनाने व नशे से दूर रहने के लिए लोगों को जागरूक करने के अलावा जरूरतमंदों की सेवा का अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अन्य लोगों की मदद में आगे आने के लिए प्रेरित किया जा सकें।



भिवानी। सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते महंत चरणदास महाराज व अन्य।

कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर में नौ सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। मंदिर के महत चरणदास ने कहा कि स्वच्छता के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। सफाई कर्मचारी हमारे समाज के सच्चे नायक हैं, जो दिन-रात मेहनत कर शहर को साफ-सुथरा बनाए रखते हैं। उन्हें सम्मान देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मकता और जागरूकता लाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन बहुत जरूरी है।

---

## उत्कृष्ट प्रदर्शन अकादमिक श्रेष्ठता का परिचायक: गुप्ता

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम वैश्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल की अकादमिक श्रेष्ठता के परिचायक है। उपरोक्त शब्द वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने बोर्ड की कक्षा दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों,उनके अभिभावकों एवं अध्यापकवृंद को संबोधित करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी लगन व मेहनत के लिए जिले भर में प्रसिद्ध हैं, फिर भी विद्यार्थियों को दृढ़ता एवं प्रतिबद्धता के साथ अपनी क्षमताओं में निरंतर सुधार करते हुए अपने प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ बनाने का प्रयास करते रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से कक्षा दसवीं की परीक्षा में कुल 345 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 23 विद्यार्थियों के अंक 95 प्रतिशत अथवा अधिक रहे, 78 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।कुल 218 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करते हुए मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया तथा 307 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। 38 विद्यार्थियों के अंक ही द्वितीय श्रेणी में रहे जबकि ना तो कोई विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में रहा ना ही कोई अनुत्तीर्ण हुआ। कुमारी भावना 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय में प्रथम रहीं। गीतिका व प्रद्युमन दरक 97.2प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रहे तथा दीपाली व गरिमा 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय रहीं। आईटी में रिकॉर्ड 62 विद्यार्थियों ने,गणित में 05 विद्यार्थियों ने तथा संस्कृत में 01 विद्यार्थी ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।



भिवानी। परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मेधावी शिक्षकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों की पीठ थपथपाई

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट तथा वैश्य मॉडल स्कूल प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव पवन कुमार बुवानीवाला ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी पीठ थपथपाई एवं उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोषाध्यक्ष विजयकिशन अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ते रहने हेतु प्रेरित किया।

---

## पायलेट लगवाने का झांसा दे 41.50 लाख रुपये ठगने का आरोपित गिरफ्तार, रिमांड पर लिया



**चरखी दादरी।** साइबर क्राइम पुलिस ने नेवी में पायलेट भर्ती करवाने के नाम पर 41.50 लाख रुपये का फ्रॉड करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। ज्ञात रहे कि 19 जून 2024 को पुलिस को शिकायत मिली थी। जिसमें पीड़ित ने बताया कि उसके पास ओम चौधरी नाम से इंस्टाग्राम पर फ्रेंड रिक्वेस्ट और मैसेज आया था। उससे इंस्टाग्राम पर दो दिन बात हुई तो एक दूसरे ने मोबाइल नंबर शेयर कर दिए। उक्त व्यक्ति ने अपना परिचय देते हुए बताया कि वह राजस्थान के सीकर जिला के गांव कर्णपुरा रहने वाला है और इंडियन नेवी में पायलट रेस्क्यू डिपार्टमेंट में नौकरी करता है। आरोपी ने नेवी के फर्जी डॉक्यूमेंट, एनडीए कार्ड दिखाकर और वर्दी पहनकर विश्वास जीत लिया। शिकायतकर्ता को नेवी में पायलेट लगवाने का झांसा दिया। आरोपी ने 28 दिसम्बर 2023 से पायलट एडमिशन के नाम से पैसे लेना शुरू किया। जनवरी 2024 को उसने गवर्मेंट फ्लाइंग स्कूल जैकुरू बेंगलुरू का फार्म भरवाया। इसके अलावा दस्तावेज की प्रतियां, हस्ताक्षर तथा बैंक पास बुक की फोटो कॉपी, पीड़ित के पिता के बैंक खाता डिटेल व हस्ताक्षर भी ले लिए। आरोपी ने दिसम्बर से मार्च 2024 तक पायलेट के दाखिले के बहाने से बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर करवाता रहा। आरोपी ने जनवरी 2024 के अंत में सीडीएस की फर्जी लिस्ट में नाम दिखाया तथा फर्जी ज्वाइनिंग लेटर ई-मेल के माध्यम से भेज दिया। जब उनको फर्जी ज्वाइनिंग लेटर की जानकारी हुई तो ठगी का पता चला। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने उससे 41.50 लाख रुपये से बैंक खातों में डलवा लिए। ठगी का पता चलने पर उस व्यक्ति से संपर्क करने की कोशिश की तो उसने अपना फोन बंद कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को कल सिक्कम से गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान सीकर जिले के गोठड़ा गांव निवासी ओमप्रकाश के रूप में हुई है। उपनिरीक्षक प्रीतम कुमार ने बताया कि आरोपी ओमप्रकाश को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। इस दौरान उससे पूछताछ की जाएगी।

---


*पेड़ हैं हमारे सांसों के साथी*

## नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने कटारिया को भेंट किया पौधा

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया को नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के स्वरूप में पौधा भेंट किया। यह भेंट न केवल सम्मान का प्रतीक थी, बल्कि प्रकृति से जुड़ाव और जिम्मेदारी का संदेश भी थी। कटारिया ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़ा और प्रेरणादायक बयान देते हुए कहा कि हर घर, हर व्यक्ति अगर केवल एक पौधा लगाए और उसे अपने बच्चे की तरह सींचे तो हमारा देश फिर से हराभरा स्वर्ग बन सकता है।

उन्होंने संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। पेड़ हमारे सांसों के साथी हैं, इनके बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। लोगों को संदेश देते हुए कहा कि पेड़ सिर्फ हरियाली नहीं, हमारे जीवन की सांसें हैं। ये न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं बल्कि छांव, फल, वर्षा और जीवन का संतुलन भी बनाए रखते हैं। पर्यावरण की रक्षा करना आत्मरक्षा के समान है। जल, जंगल और जमीन यही असली पूंजी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे डिजिटल दुनिया के साथ-साथ धरती माता से भी जुड़ें और पर्यावरण के लिए कार्य करें। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने कहा कि यह पौधा केवल एक उपहार नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान और जागरूकता का प्रतीक है। इस मौके पर सुरेश सैनी, पर्यावरण रक्षक हवलदार लोकनाथ नेहरा, पार्षद विनोद प्रजापति, शंकर नर्सरी के संचालक चंद्रमोहन ने पौधा भेंट किया।



भिवानी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया को पौधा भेंट करते नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के सदस्य।

---

## एनसीसी देश की रक्षा में प्रथम कदम: पांडेय



**बवानीखेड़ा।** गांव मिलकपुर सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गर्व और उत्साह के साथ एनसीसी आर्मी विंग (गर्ल्स) के नए कैडेट्स का नामांकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह नामांकन 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी, हिसार के अधीन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा 8 वीं और 9 वीं की छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अत्यंत उत्साह और पूरे जोश के साथ विद्यालय में एनसीसी प्रवेश कार्यक्रम में भाग लिया। नामांकन प्रवेश प्रक्रिया का संचालन सुबेदार मेजर यशपाल एवं हवलदार प्रभु सिंह द्वारा किया गया। नामांकन में चार प्रमुख चरण शामिल थे लिखित परीक्षा, मेडिकल टेस्ट, फिजिकल टेस्ट तथा इंटरव्यू, जिनके माध्यम से छात्राओं का चयन किया गया। इस विशेष अवसर पर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय और मेजर आकांक्षा विद्यालय पधारे और उन्होंने छात्राओं को एनसीसी जॉइन करने के लिए प्रेरित किया। कर्नल पांडेय ने कहा देश की रक्षा एवं सुरक्षा करने में एनसीसी सबसे बड़ा माध्यम है उन्होंहे उपस्थित छात्राओं को कहा की आज कल के इस भौतिक जीवन में सबसे पहले आप कड़ी मेहनत एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्य पढ़ाई और खेल, उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के लिए अथवा किसी भी क्षेत्र में आगे आने के लिए एनसीसी में प्रतिभागिता करें, छात्राओं को विद्यालय जीवन से ही राष्ट्र रक्षा में तत्पर रहना चाहिए ।

### डीएससी व ओएससी समाज को दिया आरक्षण: ओड

**बवानीखेड़ा।** भाजपा नेता सुरेश ओड ने जारी ब्यान में कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के योग्य युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार आगे लाकर इन वर्गों का उत्थान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में हरियाणा में सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति के 20 फीसदी आरक्षण में आरक्षण लागू करने के बाद अब प्रदेश सरकार ने ग्रुप डी के 7596 पदों में से 1209 पद वंचित अनुसूचित जातियों (डीएससी) और अन्य अनुसूचित जातियों (ओएससी) के लिए आरक्षित किए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यह सराहनीय फैसला डीएससी व ओएससी वर्गों के योग्य युवाओं को आगे लाकर उनकी परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा। सुरेश ओड ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसकी मंजूरी दे दी है साथ ही इन पदों पर हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा भी की है।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र पुत्र ताराचंद निवासी गांव खरकड़ी, तहसील लोहारू, जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुर्य कुमार व पुत्रवधु जयश्री मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सोमबीर पुत्र श्री रामेश्वर निवासी गांव बारवास, तहसील लोहारू, जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमित कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, लालचंद पुत्र श्री रतीराम निवासी डॉ. भीष्म वाली गली, दिनोद गेट, भिवानी बयान करता हूँ मेरी पुत्री शिवानी मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिए मैं मेरी पुत्री शिवानी को अपनी चल–अचल संपति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

---

देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है तिरंगा यात्रा: कौशिक

# तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष कौशिक ने ली ओबीसी मोर्चा की बैठक, सौंपी जिम्मेदारियां

आज सुबह 9 बजे पंडित नेकीराम लाइब्रेरी से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सैनिकों के सम्मान में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा 17 मई को भिवानी पहुंचेंगी। यात्रा के भव्य आयोजन को लेकर शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने जिला भाजपा कार्यालय में ओबीसी मोर्चा की बैठक ली।

बैठक का उद्देश्य तिरंगा यात्रा को सफल एवं ऐतिहासिक बनाना था, जिसमें जिलाध्यक्ष कौशिक ने ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि 17 मई को सुबह 9 बजे पंडित नेकीराम लाईब्रेरी से तिरंगा यात्रा की शुरूआत होगी, जिसके बाद घंटाघर, सराय चौपटा, बिचला बाजार से होते हुए जैन चौक में संपन्न होगी। तिरंगा यात्रा भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह के संयोजन में निकाली जाएगी, जिसमें विधायक घनश्यामदास सर्राफ विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे।

उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों को यात्रा से जोड़ें और अधिक से अधिक जनसमर्थन जुटाएं। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान है और इसे लेकर चलना हमारे गर्व का प्रतीक हैं। हर नागरिक को इसमें भाग लेकर राष्ट्र की सेवा में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे यात्रा को ऐतिहासिक बनाएंगे और जन-जन तक भाजपा की विचारधारा एवं राष्ट्र प्रेम का संदेश पहुंचाएंगे।



भिवानी। ओबीसी मोर्चा की बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सैनी कल्याण परिषद के प्रधान भूप सिंह, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र यादव, धीरज सैनी, सोनू सैनी, रमेश पचेरवाल, सुनील डावर, डॉ. अभिषेक शर्मा, राजकुमार सैनी, राधेश्याम सैनी, मास्टर हंसराज घुसकानी, मुकेश पाथड़िया, मुकेश प्रजापति, विनोद तंवर ढ़ाणीमाहू, मुकेश अग्रोहिया, जयपाल रोहिल्ला, राजेश जांगड़ा, मीना जांगड़ा, सुंदर जोगी, राकेश पंवार, प्रदीप प्रजापति घुसकानी, रमन कुमार सैन, अमित कौशिक, कांशीराम मास्टर, विनोद कुमार, महान जांगड़ा, मुकेश जांगड़ा, सुरेश कुमार, रमेश सैनी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



भिवानी। पुलिस हिरासत में अवैध हथियार सप्लाई का आरोपी।

### दो पिस्तौल छह कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

चरखी दादरी। दादरी पुलिस के सीआईए स्टाफ ने युवक को 2 अवैध पिस्तौल व 6 कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि व्यक्ति अवैध पिस्तौल सप्लाई करने काम करता है। सूचना के बाद एएसआई विशाल ने टीम के साथ 152डी हाइवे के समीप दबिश दी, वहां पर नौजवान लड़का पिट्ठू बैग लिए खड़ा था। पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया। जब उसकी तलाशी ली तो बैग से दो पिस्तौल बरामद हुए और दोनों की मैगजीन से 3-3 कारतूस बरामद हुए।



भिवानी। पुलिस की मौजूदगी में तहसील परिसर में मलबे से बीआर अंम्बेडकर का बैनर निकालते हुए।

### मामले की जांच के लिए पहुंची पुलिस

भिवानी। बवानीखेड़ा तहसील परिसर में अधिवक्ता का चैम्बर तोड़कर चोरी करने तथा संविधान रचयिता डा. बीआर अम्बेडकर के बैनर को फाड़ने के मामले की जांच के लिए बवानीखेड़ा पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां पर अज्ञात लोगों द्वारा बैनर को तोड़कर मिट्टी व ईंटों के नीचे दबाने के मामले की जांच की। लोगों की मदद से बैनर को निकलवाया। इस दौरान मौके पर अनेक लोग एकत्रित हो गए। उल्लेखनीय है कि विगत में अज्ञात लोगों ने तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता राजेश सिंधु व मीना चोपड़ा का चैंबर तोड़कर हजारों रुपए का सामान ले गए। आरोपियों ने चैंबर में लगी संविधान निर्माता बीआर अंबेडर की प्रतिमा को भी खंडित कर दिया।

# समस्या रि-ओपन होने पर संबंधित अधिकारी होंगे जिम्मेदार: डीसी

◆ डीसी महावीर कौशिक ने समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी महावीर कौशिक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं का समाधान स्थाई रूप से हो और उनकी रिपोर्ट पोर्टल पर सही ढंग से दर्ज होनी चाहिए, ताकि मुख्यालय से शिकायत रीओपन ना हों। डीसी कौशिक शुक्रवार को समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं, ऐसे में समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका समयबद्ध तरीके से समाधान करें।

### शिविरों की शिकायतों को गंभीरता से निपटाएं



भिवानी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कब्जे न हों

उपायुक्त ने कहा कि यदि कोई भी समस्या फिर से रि-ओपन होती है तो उसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने पंचायत विभाग व शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अतिक्रमण या अवैध कब्जों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करवाएं और उसके बाद पुलिस सहायता की मांग करें। ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस वालों के साथ में तुरंत प्रभाव से अतिक्रमण और अवैध कब्जे हटाने का काम करें। गली, आम रास्ते या फिरनी पर कोई भी अतिक्रमण या अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए। चूंकि अनेक जगहों पर गलियों में अवैध कब्जे की शिकायतें आती रहती है।

### समस्या के समाधान का अधूरा जवाब न भिजवाएं

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समस्या के समाधान के बाद में आधा अधूरा जवाब ना भिजवाएं। समस्या के समाधान करने के बाद पोर्टल पर एटीआर दर्ज करें। एटीआर दर्ज करने से पहले अधिकारी उसको जरूर पढ़ें ताकि किसी प्रकार की गलती ना हो। उन्होंने अधिकारियों को लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह, एडीसी डॉ मुनीष नागपाल, सीटीएम अनिल कुमार, तहसीलदार सुरेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य, जीएम रोडवेज दीपक कुंडू, डीडीपीओ आशीष कुमार, नगर परिषद ईओ राजाराम, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ विनोद फोगाट सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# मजदूरों ने दिहाड़ी नहीं मिलने पर सौंपा ज्ञापन

मनरेगा मजदूरों ने लगाया आरोप, 15 दिन का काम लेकर एक सप्ताह का किया जा रहा भुगतान

1. मजदूरी पूरी न मिलने से बच्चों की पढ़ाई, राशन व अन्य जरूरतों को पूरा करना हुआ मुश्किल : उर्मिला
2. सरकार करती पूरा भुगतान, अधिकारी फैला रहे भुगतान करने में भ्रष्टाचार : कालिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कार्यरत मजदूरों को लंबे समय से दिहाड़ी का भुगतान नहीं मिलने पर वीरवार को दर्जनों महिला मजदूरों ने विरोध जताया। मजदूरों ने प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा और जल्द भुगतान की मांग की। मजदूर इस संबंध में डीडीपीओ से मिले तथा मजदूरी दिलाने की मांग की।

मनरेगा मजदूरों का नेतृत्व भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवानदास कालिया ने किया। इस दौरान मनरेगा मजदूर उर्मिला, दर्शना, सुनीता, शीला, सुदेश, कमला, कृष्णा, बबली, शीला, सुमन, संतोष, सोना, सेवा देवी, रेखा, बीरमति, नीत, केला देवी, सुमन, प्रीति, बबली, रणसिंह, रोहताश, जयमल व सतपाल आदि मौजूद रहे। इस मौके पर मनरेगा मजदूर उर्मिला ने बताया कि सरकार द्वारा मनरेगा मजदूरों को 375 रुपये दिए जाते है, जबकि मैट, सरपंच, अधिकारी द्वारा मनरेगा मजदूरों को सिर्फ 200 रूपये देकर बाकि रुपये हजम किए जाते हैं। यही नहीं जब इन्हें अलग गांव में मजदूरी के लिए भेजा जाता है तो मजदूरों से ही किराया वसूला जाता है। मजदूरों ने बताया कि मजदूरों से काम तो 15 दिन का लिया जाता है, लेकिन हाजिरी एक सप्ताह लगाई जाती है और एक सप्ताह के रूपये हड़प कर लिए जाते है। वे अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए मेहनत-मजदूरी करते है, लेकिन उन्हें उनकी मजदूरी का पूरा भुगतान नहीं मिलने पर अब उनके समक्ष अपनी आजीविका चलाने में भारी संकट खड़ा हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, राशन-पानी और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करना बहुत ही मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों को की, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते मनरेगा मजदूरों में भारी रोष है।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन देने जाते भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवानदास कालिया व अन्य।

फोटो : हरिभूमि

### लंबित भुगतान शीघ्र किया जाए

भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवानदास कालिया ने कहा कि सरकार मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी का पूरा भुगतान कर रही है, लेकिन अधिकारी मिलीभगत करके भ्रष्टाचार फैला रहे हैं और आधे रुपये हजम कर रहे हैं, जिसका खामियाजा मनरेगा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिना मजदूरी के घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मनरेगा मजदूरों का लंबित भुगतान शीघ्र किया जाए तथा भविष्य में समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के अलावा भ्रष्टाचारी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकार की साख खराब न हो।

### आईटीआई खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट विषय पर सेमिनार आयोजित

लोहारू। युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत कर्मशील कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार स्थानीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में सेमिनार का आयोजन किया गया। वर्ग अनुदेशक पंजाब सिंह के निर्देशन में फूड सेफ्टी एवं एडल्टरेशन अर्थात खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट विषय पर आयोजित यह सेमिनार स्थानीय सीएचसी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें हेल्थ काउंसलर हरिओम शर्मा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा और उसमे मिलावट से होने वाले नुकसान और दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

सेमिनार में 130 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया

संस्थान के अनुदेशक फूल प्रकाश, महेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमिता, सुमन, सीमा, सुरेश कुमार, पूजा और स्टाफ सदस्यों सहित करीब 130 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। हरिओम शर्मा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को खाद्य पदार्थ व्यर्थ नही करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट उस पदार्थ की गुणवत्ता को कम कर देता है।उन्होंने सेमिनार में शामिल सभी विद्यार्थियों को ताजा फल व सब्जियां खाने की सलाह दी तथा फास्ट फूड, जंक फूड, पैक्ड फूड इत्यादि के प्रयोग से बचने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप्त

### हेतमपुरा के सरकारी स्कूल ने बारहवीं कक्षा के परिणाम में लहराया परचम



भिवानी। विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते प्राचार्य व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

भिवानी। गांव हेतमपुरा स्थित शहीद हवलदार भागीरथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में कुल 47 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें नौ विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में प्रथम स्थान कुमारी दिव्या पुत्री मुकेश, द्वितीय स्थान नेहा कुमारी पुत्री कुलदीप, तृतीय स्थान दिव्या पुत्री जीवनराम ने प्राप्त किया। इस उपलक्ष्य में एसएमसी सदस्यों व गांव के लोगों ने विद्यालय प्राचार्य पवन कुमार यादव व समस्त स्टाफ को बधाई दी व प्राचार्य ने बच्चों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया।

### डीएवी. पुलिस पब्लिक स्कूल ने सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप ट्रॉफी अपने



भिवानी। विजेता टीम के साथ प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

भिवानी। डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी ने सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप ट्रॉफी अपने नाम की 14 एवं 15 मई को हलवासिया विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी में सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप का आयोजन किया गया जिसमें अंडर -17 विद्यार्थियों को खेलने का मौका मिला। इस टूर्नामेंट में हलवासिया विद्या विहार भिवानी, डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रेम नगर एवं विद्यान्तरिक्ष स्कूल गुजरानी के छात्रों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट की काँटेदार टक्कर में फाइनल मुकाबला हलवासिया विद्या विहार और डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी के बीच रहा ।दोनों टीमों के शानदार प्रदर्शन के अंतिम क्षणों में डी.ए.वी.पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक गोल दागकर 1: 0 से ट्राफी अपने नाम कर ली। इस शानदार जीत के लिए विद्यालय प्राचार्या कुसुम शर्मा ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोच रणवीर संदीप मलिक ,मुकेश और नरेंद्र भी उपस्थित रहे।

# मानसून से पहले नालों, ड्रेन, सीवरेज लाइन की सफाई करवाना सुनिश्चित करें



भिवानी। पानी की निकासी को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त।

भिवानी। डीसी महावीर कौशिक ने जन स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग और शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मानसून से पहले उनके अधीन आने वाले बरसाती पानी निकासी के नालों, ड्रेन, सीवरेज लाइन की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। सफाई कार्य शेड्यूल के साथ करें।

■ एसडीएम को सफाई कार्य का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी एसडीएम को सफाई कार्य का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नहरों में पानी आने तक नागरिकों के लिए पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित अधिकारियों की बैठक में निर्देश देते हुए डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार मानसून के सीजन से पहले जिला की सभी ड्रेन, बरसाती पानी निकासी के नालों और सीवरेज लाइन की सफाई कार्य करवाना जरूरी है ताकि बारिश के दौरान पानी की निकासी सुचारू रूप से हो और कहीं पर जलभराव की स्थिति ना बने। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कार्य के लिए प्रतिदिन का एक शेड्यूल बनाएं। शेड्यूल के हिसाब से सफाई कार्य करवाएं। सरकार के निर्देशानुसार सफाई कार्य का नियमित रूप से निरीक्षण करवाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की यदि ड्रेन, नहर या माइनर की सफाई का कार्य मनरेगा के माध्यम से किया जाना है तो उसके लिए शीघ्र एस्टीमेट बनाकर सीईओ जिला परिषद के पास भेजें और मैन पावर तथा बजट की स्वीकृति लें। यदि यह कार्य मनरेगा से संभव ना हो तो मशीनों द्वारा कार्य करवाने से पहले सीईओ जिला परिषद से एनओसी लें। इस जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता दलबीर दलाल, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता अभियंता दिनेश राठी व राजीव बत्रा, नगर परिषद ईओ राजाराम सहित संबंधित विभागों से अधिकारी मौजूद रहे।


### नगर परिषद ने शुरु किया शहर में नालों से गाद निकालने का कार्य



भिवानी। डीसी महावीर कोशिक द्वारा मानसून के सीजन से पहले बरसाती पानी की निकासी के नालों की सफाई करवाने के आदेश के बाद शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने युद्ध स्तर पर नालों की सफाई करवाना शुरू कर दिया है। लिबर्टी सिनेमा से सराय चोपटा तक करीब 700 मीटर खुले नाले सफाई कर दी गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मानसून के मौसम के मद्देनजर सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वे बरसात का मौसम आने से पहले सभी ड्रेन, नालों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें।

डीसी महावीर कौशिक ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को सफाई का कार्य तुरंत प्रभाव से शुरु कर दे के निर्देश दिए हैं। डीसी के आदेश पर अधिकारियों ने नालों की सफाई का कार्य शुरु कर दिया है।

# तोशाम के जतिन ने 12वीं कक्षा में प्राप्त किए 90.6 प्रतिशत अंक



तोशाम। परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम के शहीद ईश्वर सिंह पंघाल राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने दसवीं तथा 12वीं की परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जिससे विद्यार्थियों सहित स्टाफ सदस्यों तथा ग्रामीणों में खुशी की लहर है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जारी हुए 12वीं तथा दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में मॉडल विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र जतिन ने वाणिज्य संकाय में 90.6 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है वहीं विज्ञान संकाय में प्रिंसी 87.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम रही तो कला संकाय में स्नेहा 88.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में अव्वल रही। दसवीं कक्षा के जारी परीक्षा परिणाम में छात्र प्रिंस ने 86.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया तो सुनिधि यादव ने 86.2 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान हासिल किया वहीं वंशिका ने 85.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं के 28 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए तो कक्षा दसवीं के नो विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिससे विद्यार्थियों तथा अभिभावकों व विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य सुदेश यादव ने कहा कि उनका विद्यालय राजकीय विद्यालय होते हुए भी विभिन्न क्षेत्र में नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में विद्यार्थियों तथा स्टाफ सदस्यों की मेहनत की बदौलत दर्जनों विद्यार्थियों ने दसवीं तथा 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बेहतरीन अंक हासिल मेरिट में अपना नाम दर्ज करवाया है।

### अक्षिता ने किया परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन



छात्रा अक्षिता

भिवानी। सीनियर सेकेंडरी स्कूल का रिजल्ट घोषित हो चुका है। जिससे प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाकर अदभुत प्रदर्शन किया है। विद्या नगर निवासी अक्षिता पुत्री अनिल कुमार ने 94 प्रतिशत अंक लेकर अपने स्कूल वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवम माता पिता का नाम रोशन किया है। अक्षिता ने कहा कि आज बेशक सोशल मीडिया का जमाना है मगर वह सोशल मीडिया और मोबाइल, इंस्टाग्राम फेसबुक ,ट्विटर से दूर रही और मन लगाकर पढ़ाई की आज मंजिल और मुकाम हासिल किया है। आज के डिजिटल युग में किसी के मन में डॉक्टर बनने का सपना है तो कोई इंजीनियर बनने की चाहत अपने मन मे लिए अपने भविष्य की शुरुआत करने की इच्छा जाहिर कर रहा है लेकिन अक्षिता यूपीएससी की तैयारियों में जुट गई है। पढ़ाई आज की जरूरत है हर किसी को आगे बढ़ना है तो पढ़ाई में मन लगाना होगा तभी मंजिल को पाया जा सकता है। पिता अनिल कुमार एवं माता सुरेश कुमारी का कहना है कि उनकी बेटी हर एक्टिविटी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। इनकी प्रेरणा उन्हें उनकी बड़ी बहन से मिली जिसने दो वर्ष पहले नीट की परीक्षा पास की थी।

### नवयुग का परीक्षा परिणाम शानदार पांच बच्चों ने 90 फीसदी अंक लिए



छात्रा पूजा



मोहित

चरखी दादरी। मकडानी स्थित नवयुग विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक बार फिर से अपने प्रदर्शन के दम पर नाम रोशन किया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के नतीजों में विद्यालय के विज्ञान संकाय के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा न सिर्फ शत प्रतिशत परिणाम दिया, बल्कि नान मेडिकल के विषयों के जरिए परीक्षा देने वाले सभी बच्चों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया है। निदेशक अजय जाखड़ ने बताया कि इस संकाय में नॉन मेडिकल के विषयों के तहत 45 बच्चों ने परीक्षा दी थी। सभी काफी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए है। इनमें से जहां पांच बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक है। वहीं दूसरी और बाकी बचे हुए चालीस विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

### आदर्श कोचिंग सेंटर में डेंगू से बचाव की दी जानकारी

चरखी दादरी। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आर्दश कोचिंग सेंटर परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संचालक मास्टर आदेश वत्स की अध्यक्षता में किया। स्वास्थ्य विभाग से अनिल कुमार, दीपक खत्री, अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डेंगू मच्छर से होने वाली बीमारी के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर फ्लू जैसी बीमारी है। यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। डेंगू के लारवा को हम सभी की लापरवाही के कारण अधिक पनपने का अवसर मिल जाता है। इसकी रोकथाम के लिए अपने आस पास सफाई रखें।

गांव सांवड़ में लंबे समय से बनी है पानी व बिजली किल्लत

# पेयजल किल्लत से परेशान महिलाएं विधायक के घर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव सांवड़ में पिछले लंबे समय से पानी व बिजली की किल्लत से लोग परेशान हैं, जिसके लेकर शुक्रवार को गांव की दर्जनों महिलाएं विधायक सुनील सांगवान के निवास पर पहुंच गई। महिलाओं ने विधायक सांगवान को गांव में पेयजल और बिजली किल्लत की समस्या से अवगत करवाया और जल्द से जल्द समाधान करवाने की मांग रखी। इस पर विधायक सांगवान ने महिलाएं की बात को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

### भीषण गर्मी में घंटों तक काटी जा रही बिजली



भिवानी। विधायक सुनील सांगवान के समक्ष समस्या रखतीं महिलाएं।

### जनता को परेशान नहीं होने देंगे

महिलाओं ने विधायक सांगवान को बताया कि वे गांव में पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। जलघर का टैंक सूखा पड़ा है और जमीन का पानी बिल्कुल खारा है। उन्होंने बताया कि इस भीषण गर्मी में बिजली कई घंटों तक काटी जा रही है। पानी और बिजली किल्लत से उनका जीना मुश्किल हो गया है। विधायक सांगवान ने अधिकारियों को बुलाकर गांव में बिजली समस्या का तुरंत समाधान करवा दिया। वहीं गांव में पेयजल समस्या को लेकर विधायक सांगवान ने अधिकारियों को एस्टीमेट बनाकर मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए और जल्द पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करवाने का आश्वासन दिया। विधायक सुनील सांगवान के निवास पर अनेक लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें बिजली, पानी, सीवर, गली निर्माण सहित अन्य समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। विधायक सांगवान ने अधिकारियों के माध्यम से समाधान करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि उनके दरवाजे जनता के लिए 24 घंटे खुले हैं। वे किसी भी सूरत में जनता को परेशान नहीं होने देंगे। मूलभूत सुविधाएं देना सरकार व जिला प्रशासन का काम हैं, जिसके लिए वे हमेशा जनता की आवाज उठाते रहेंगे और समस्याओं का निराकरण करवाएंगे।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T. रेलवे
CUET अग्निवीर
S.S.C. Delhi Police
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926